CUPE

# क्या आप टेम्परेरी इमिग्रेशन स्टेटस के साथ काम करने वाले CUPE सदस्य हैं? अपने अधिकारों को जानें!

- क्या आप एक अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं, टेंपररी वर्क परमिट पर हैं, या अपने परमानेंट रेसीडेंसी आवेदन की प्रतीक्षा कर रहे हैं?
- क्या आपके पास एक टेंपररी वर्क परमिट है जो जल्द ही समाप्त हो जाएगा?
- क्या आपको परमानेंट रेसीडेंट का दर्जा पाने का वादा किया गया था जो अब उपलब्ध नहीं है?



CUPE अपने सदस्यों के लिए हर दिन लड़ता है, जिसमें आप भी शामिल हैं।

फेडरल सरकार ने कैनेडा के इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटीजनशिप मिनिस्ट्री के माध्यम से 2024 के अंत में इमिग्रेशन नीतियों में व्यापक बदलाव किए हैं। परिणामस्वरूप, यह अनुमान लगाया गया है कि 2025-2027 तक 23 लाख लोग अपने वर्क परमिट खो बैठेंगे और डिपोर्टेशन का जोखिम उठाएंगे।

ये परिवर्तन CUPE के उन सदस्यों को प्रभावित करते हैं जिनके पास टेंपररी फॉरेन वर्कर्स प्रोग्राम और इंटरनेशनल स्टूडेंट प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों के तहत टेंपररी इमिग्रेशन स्टेटस है।

टेंपररी वर्क परमिट वाले वर्तमान सदस्य अब अपने वर्क परमिट को नवीनीकृत नहीं कर पाएंगे या परमानेंट रेसीडेंट का रास्ता नहीं अपना पाएंगे। यदि आप या आपका कोई परिचित इन परिवर्तनों से प्रभावित है, तो कृपया केल्टी कैमरून, CUPE इंटरनेशनल सॉलिडैरिटी और एम्मा लुई, CUPE मानवाधिकार (migrantworkers@cupe.ca) से संपर्क करें।

- यदि आपके पास ओपन वर्क परमिट है, तो आपको तब तक काम करने का अधिकार है जब तक कि यह समाप्त न हो जाए या जब तक आप अपना स्टेटस बनाए रखते हैं।
- कुछ प्रकार के वर्क परमिट के लिए एंपलॉयर की भागीदारी और एंपलॉयर्स से पत्र की आवश्यकता होती है। यदि आपको इन दस्तावेजों के मिलने में परेशानी हो रही है, तो अपनी यूनियन से संपर्क करें।
- यदि आप ऐसे सदस्य हैं जो किसी दस्तावेज के बिना काम कर रहे हैं, तो भी आप अपनी यूनियन में शामिल हो सकते हैं और हम आपको तुरंत कानूनी इमिग्रेशन सलाह प्राप्त करने की सलाह देते हैं।

## सभी को मिले स्टेटस

CUPE सभी को स्टेटस दिये जाने में विश्वास करता है - इसका मतलब है कि कैनेडा में किसी भी निवासी को टेंपररी स्टेटस पर नहीं रहना चाहिए। टेंपररी स्टेटस अनिश्चितता पैदा करता है और प्रवासी श्रमिकों को एंपलॉयर के दुर्व्यवहार के लिए खुला छोड़ देता है। अकेले कार्रवाई करना मुश्किल है लेकिन अन्य श्रमिकों और संगठनों के साथ मिलकर हम बदलाव के लिए लड़ सकते हैं।